# बिहार विधान परिषद

**(203 बजट सत्र)**

## 21 मार्च 2023

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 23**

----

### शोषण के विरुद्ध कार्रवाई

***365 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले के कुछ निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा एड्स रोगियों की जांच एवं इलाज के नाम पर दोहन किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि मरीजों का पहले तो आर्थिक दोहन किया जाता है और बाद में आर्थिक रूप से बदहाल हो जाने पर छोड़ दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन, मोतिहारी की जानकारी में कुछ ऐसे निजी स्वास्थ्य संस्थान हैं जिनकी जांच की बात उन्होंने कही थी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिले में मरीजों का शोषण करने वाले ऐसे संस्थानों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की उपलब्धि

***366 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ने पिछले 1 वर्ष में 600 महिलाओं को अपने साथ जोड़ा है जो अपने उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि ये महिलाएं वर्तमान में अचार, पापड़, हस्तशिल्प, खादी के वस्त्र आदि का निर्माण कर स्वरोजगार की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खादी ग्रामोद्योग की उपलब्धि से सदन को अवगत कराना चाहती है?

----

## बोरिंग चालू कबतक

*367 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कंडी पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या- 13 में मुख्यमंत्री नल जल योजना अंतर्गत बोरिंग करके तथा लोहे का जलमीनार बनाकर आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बोरिंग का कनेक्शन फिटिंग नहीं होने से बोरिंग खराब होने की स्थिति में है;

(ग) क्या यह सही है कि वार्ड संख्या- 13 में नल जल का पाइप आधा-अधूरा बिछाया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वार्ड संख्या– 13 में निर्मित बोरिंग को चालू करने का विचार रखती है?

----

## योजना का प्रचार-प्रसार

*368 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिले में आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या लगभग 2 लाख 40 हजार है और कवरेज लाभार्थी लगभग 10 लाख हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना में अनुदान की जटिल प्रक्रिया तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के अभाव के चलते वर्ष 2018 से लेकर अक्टूबर, 2022 तक भोजपुर जिला के केवल 3600 लाभार्थियों को ही इस योजना का लाभ मिल पाया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर

जिला सहित सम्पूर्ण राज्य में आयुष्मान कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा अनुदान भुगतान की प्रक्रिया सरल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का पुनः निर्माण

***369 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत साहेबपुर प्रखंड की सनहा पश्चिम पंचायत में 1960 में एक उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि 1971 में आई बाढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र पूर्णरूपेण ध्वस्त हो गया;

(ग) क्या यह सही है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों के लिए बने जीर्ण-शीर्ण भवन में उप स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जीर्ण-शीर्ण उप स्वास्थ्य केन्द्र के पुनः निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कितने पद रिक्त

***370 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के द्वारा वर्ष-2021-22 के लिए एफ०आर०यू० संचालन हेतु सी०ई०एम०ओ०एम०सी० तथा एल०एस०ए०एस० प्रशिक्षण के लिए इच्छुक चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे;

(ख) क्या यह सही है कि कतिपय जिलों से सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा भी कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के स्तर पर योग्य, इच्छुक एवं अर्हताधारी चिकित्सकों के नाम की अनुशंसा की गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि अन्य वर्षों की भांति वर्ष- 2021-22 में भी इस प्रशिक्षण के लिये इच्छित चिकित्सकों में से कई अर्हताधारी चिकित्सकों का चयन नहीं करने के कारण कई रिक्तियां खाली रह गईं;

(घ) क्या यह सही है कि कि सूचीबद्ध चिकित्सकों के नाम अंकित सूची में से पक्षपातपूर्ण तरीके से क्रम को खण्डित कर चयनित किए गए;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहेगी कि वर्ष- 2021-22 में कितने इच्छुक एवं अर्हताधारी चिकित्सकों ने इस प्रशिक्षण के लिये आवेदन किया था तथा उनमें कितने को अन्तरवीक्षा के लिए सूचीबद्ध किया गया और कितने को प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया और कितने पद किन कारणों से रिक्त रह गये?

----

## सुखाड़ से निजात

***371 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड स्थित गोनौली पंचायत का एक मात्र राजकीय नलकूप, बिजली खंभा (पोल) के अभाव के कारण बन्द पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राजकीय नलकूप पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बन्द रहने के कारण नलकूप से किसानों को जलापूर्ति के अभाव के कारण सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करवा कर उक्त राजकीय नलकूप को चालू करवाने तथा स्थानीय किसानों को सुखाड़ से निजात दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन की मरम्मती

***372 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नवादा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पथरा इंगलिश में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पथरा इंगलिश में प्रति दिन दर्जनों गांव के ग्रामीणों का इलाज किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जर्जर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कितने उद्यमियों को ऋण

***373 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत नए उद्यमियों को 10,00,000 (दस लाख) रुपया तक ऋण दिया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना अंतर्गत 50 % ऋण राशि अनुदान की राशि होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि वैशाली जिले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना और मुख्यमंत्री एस.सी. / एस.टी. उद्यमी योजना के तहत कितने उद्यमियों को ऋण मुहैया कराया गया है?

----

## आश्रय स्थल का निर्माण

***374 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर सदर अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करवाने के लिए आए वृद्ध, लाचार, गरीब एवं विकलांग मरीजों की सेवा-शुश्रूषा में लगे परिवार जनों को ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में आश्रय गृह नहीं रहने के कारण अत्यंत कठिनाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अन्य अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में आश्रय स्थल की व्यवस्था की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर सदर अस्पताल में भर्ती रोगियों के परिजनों के लिए अस्पताल परिसर में आश्रय स्थल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्थानांतरण कर कार्रवाई

***375 श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर विद्युत सहायक अभियंता द्वारा आम जनता के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विद्युत संबंधित शिकायत करने पर अपशब्द और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के कुटुंबा प्रखंड के सिमरी कला निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दिनांक- 23.12.2022 को विद्युत संबंधित शिकायत करने पर बातों-बातों में सहायक अभियंता द्वारा गाली-गलौज एवं देख लेने की धमकी दी गई तथा इलाके में मेरे नाम से खौफ है के बारे में बता कर आम जनता को डरा-धमका रहे हैं जिसकी शिकायत जिला से लेकर मुख्यालय तक की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि वर्तमान सहायक अभियंता नवीनगर की कार्यशैली से नवीनगर की आम जनता के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भय बना हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विद्युत सहायक अभियंता, नवीनगर का स्थानांतरण कर विभागीय कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वैक्सीन उपलब्ध कबतक

*376 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत सासाराम सदर अस्पताल में PCV (निमोनिया) का वैक्सीन पिछले 3 महीने से उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि PCV निमोनिया का वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार PCV निमोनिया का वैक्सीन जल्द उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दंत चिकित्सकों की नियुक्ति

*377 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दंत चिकित्सकों के 587 स्वीकृत पद के विरुद्ध विभागीय आदेश सं०- 1635(2), दिनांक- 13.09.2019 के तहत 542 दंत चिकित्सकों की नियमित नियुक्ति की गई थी और शेष 45 पद रिक्त रह गये थे;

(ख) क्या यह सही है कि पांच साल की लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद पद रिक्ति सहित अन्य बाद में रिक्त हुए पद पर दंत चिकित्सकों की नियुक्ति का नहीं किया जाना विभागीय उदासीनता या लापरवाही है, जबकि विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों में दंत चिकित्सकों की आवश्यकता है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा दस लाख नौकरी देने की घोषणा से उत्साहित दंत चिकित्सक (बी.डी.एस. डिग्रीधारी) नौकरी की आस लगाये बैठे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपनी घोषणा के अनुरूप शीघ्र ही दंत चिकित्सकों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नल-जल योजना का पानी कबतक

*378 **श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के धुरगांव पंचायत के इजारा पर ग्राम में अभी तक नल-जल योजना का पानी नहीं पहुंचा है जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो आसन्न गर्मी को देखते हुए सरकार उक्त वर्णित ग्राम में शीघ्र नल-जल योजना का पानी पहुंचाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## आवंटित राशि का लाभ कब तक

*379 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जुड़ा हुआ है, बुनकर समाज की भागीदारी नहीं रहने से उद्योग विभाग की योजना सही तरीके से धरातल पर नहीं उतर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग के द्वारा सिवान जिला के बनुकर समाज के लिए सरकार के द्वारा जमालहता में राशि का आवंटन किया गया था, परन्तु कार्य धरातल पर नहीं उतरा एवं बुनकर समाज को इसका लाभ नहीं प्राप्त हुआ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिवान जिला के बुनकर समाज के लिए जमालहता में आवंटित राशि का लाभ बुनकर समाज को देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मीटर को सुचारु रूप से चलाने पर विचार

*380 **श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा राज्य भर में प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है जिससे आए दिन उपभोक्ता के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रीपेड मीटर में बिना पूर्व सूचना के ही आधी रात को या कभी भी लाइट काट दी जाती है जबकि पुनः रिचार्ज करने के बाद भी बिजली का काफी इंतजार करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि आए दिन उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर रीडिंग में गड़बड़ी उत्पन्न हो रही है जिससे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, जिनका लाखों का मामला विभाग में लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मीटर को सुचारु रूप से चलाने हेतु बदलाव करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि कब तक

***381 श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कोविड- 19 संक्रमण में मृत्यु के शिकार हुए मरीजों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा रु. 4,00,000 एवं भारत सरकार द्वारा रु. 50,000 अनुग्रह अनुदान राशि देने का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य के वैसे निवासी जिनकी राज्य के बाहर कोविड- 19 संक्रमित होने से मृत्यु हुई है, उनके निकटतम परिजनों द्वारा अनुदान राशि भुगतान हेतु आवेदन समर्पित हुए हैं;

(ग) क्या यह सही है कि प्राप्त हुए आवेदनों पर परिजनों को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान हुआ है अथवा नहीं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे आवेदनों पर अनुग्रह अनुदान राशि मृतकों के आश्रितों को यथाशीघ्र देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## घेराबंदी की कार्रवाई

***382 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार राज्य के सभी धार्मिक न्यास से निबंधित मंदिरों की सुरक्षा हेतु घेराबंदी का निर्णय पूर्व में ले चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला समिति ने बिना मंदिरों का भौतिक सत्यापन किए प्राथमिकता सूची तैयार कर दी है जबकि महत्वपूर्ण मंदिरों को प्राथमिकता सूची से वंचित कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि नये समाहर्त्ता द्वारा पूरे जिले के मंदिरों का भौतिक सत्यापन कराया जा चुका है लेकिन समिति की बैठक नहीं होने के कारण प्राथमिकता सूची अबतक नहीं बन पायी है;

(घ) क्या यह सही है कि श्रीराधा कृष्ण मंदिर (लक्ष्मी किशोरी कॉलेज के बगल में) चारों तरफ से खुला है तथा सरकार सुरक्षा हेतु प्रथम प्राथमिकता देकर इस मंदिर की अविलम्ब घेराबंदी कराना चाहती है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिले के मंदिरों का अविलम्ब भौतिक सत्यापन कराकर प्राथमिकता के तहत घेराबंदी की कार्रवाई कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## निर्माण कार्य कब तक

***383 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार सरकार लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अलग-अलग जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल निर्माण कर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर में भी चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण कार्य किया जा रहा है, उक्त अस्पताल एवं महाविद्यालय का निर्माण कार्य, एन.सी.सी. कंस्ट्रक्शन, कई महीनों से बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के झंझारपुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## रिजल्ट प्रकाशित कब तक

***384 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2020 में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा जूनियर इंजीनियर के 288 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि इसके लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी कर लेने के बाद भी रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया जा रहा है, इस कारण छात्रों में निराशा व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इनका रिजल्ट प्रकाशित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चहारदीवारी का निर्माण कब तक

*385 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत)**:

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि डी.एम.सी.एच दरभंगा की स्थापना हेतु दरभंगा राज परिवार द्वारा 300 एकड़ भूमि डी.एम.सी.एच. को उपलब्ध करायी गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में डी.एम.सी.एच. की 300 एकड़ जमीन में 73 एकड़ जमीन लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमित कर ली गई है और यह सिलसिला अभी भी जारी है। इस अवैध अतिक्रमण के कारण डी.एम.सी.एच. के विस्तारीकरण में और मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एम्स को 200 एकड़ जमीन देने के पश्चात डी.एम.सी.एच. की बची 100 एकड़ जमीन के चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## निरस्त करने का विचार

*386 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा)**:

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत नरहट अंचल के ग्राम कोनीबर में स्थित वक्फ इस्टेट नं०- 102 की जायदाद की खरीद-बिक्री के लिए दोषी लोगों के विरुद्ध बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा कानूनी कार्रवाई की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि वक्फ जायदाद की अवैध रूप से की गयी खरीद-बिक्री के डीड को निरस्त करने का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित डीड को निरस्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत तार स्थानांतरित कब तक

***387 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना मुख्यालय स्थित फुलवारीशरीफ स्थित मोहल्ला मिनहाज नगर एवं खुर्शीद अहमद (वार्ड पार्षद) के घर के बीच 11000 वाट का विद्युत तार गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त हाई वोल्टेज तार खाता नं०- 762, खेसरा- 107 से जुनैद मलिक एवं तैय्यब अंसारी के घर के पास से भी गुजर रहा है, जिससे घरवाले ही नहीं पूरे मुहल्लेवासी किसी अनहोनी घटना से भयभीत हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में 11000 वाट के हाई वोल्टेज तार को दूसरी जगह स्थानांतरित कर मुहल्लावासियों को सुरक्षा प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----